तेरा झुठा मोह जगत में

तेरा झुठा मोह जगत में तोते से बोली मैना
गैरों से मतलब क्या है अपनों से बच कर रहना....

श्रीराम हुए बनवासी अपनों से धोखा खाया,
वह मौसी भी अपनी थी जिसने बनवास दिलाया,
सब आनी जानी माया सुख है तो दुख भी सहना,
गैरों से मतलब क्या है.....

श्री कृष्ण हुए अवतारी जाने जन्म जेल में पाया,
मामा ही दुश्मन बन गया था अपना नहीं पराया,
बहना को जेल भिजवाया ना मानो किसी का कहना,
गैरों से मतलब क्या है.....

रावण विद्वान हुआ था अपनों से धोखा खाया,
वह विभीषण भी अपना था जाने सारा भेद बताया,
प्रह्लाद ने धोखा खाया पड़ गया अग्नि में दहना,
गैरों से मतलब क्या है.....

जो अपनों से दगा करेगा वह सात जन्म भोगेगा,
तू किस पर करें भरोसा चल उड़ जा हंस अकेला,
दुनिया का झूठा मेला यह है मैना का कहना,
गैरों से मतलब क्या है.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27960/title/tera-jhutha-moh-jagat-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |